आईजीआरएस थानों की रैंकिंग में वाराणसी कमिश्नरेट के तीन थाने उत्तर प्रदेश में नंबर वन

चर्चा में क्यों?

7 अक्टूबर, 2022 को वाराणसी के पुलिस आयुक्त ए. सतीश गणेश ने बताया कि आईजीआरएस थानों की रैंकिंग में कमिश्नरेट वाराणसी के तीन थाने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहले स्थान पर आए हैं।

प्रमुख बिंदु

- पुलिस आयुक्त ए. सतीश गणेश के अनुसार आईजीआरएस निस्तारण रैंकिंग में कमिश्नरेट वाराणसी के सिगरा, आदमपुर और दशाश्वमेध थाने को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इन तीनों थाने के प्रभारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।
- पुलिस आयुक्त ने कहा कि आईजीआरएस की रैंकिंग में एकदम निचले पायदान पर आने वाले तीन थानों - कोतवाली, चितईपुर और पर्यटक की खराब रैंकिंग के कारणों की समीक्षा डीसीपी स्तर के अधिकारी से कराई जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर थाना प्रभारियों पर कार्यवाही भी तय है। तीनों प्रभारियों को चेतावनी नोटिस जारी की गई है।
- उत्तर प्रदेश सरकार की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जन-सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में वाराणसी के थाने प्रदेश भर में अव्वल हैं।
- जन-सुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को पुलिस कार्यालय में गठित आईजीआरएस सेल संबंधित थानों के लिये ऑनलाइन प्रेषित करती है। थाना प्रभारी प्राप्त संदर्भों की जाँच ऑनलाइन दिये गए समय के अनुसार संबंधित को प्रेषित करते हैं। जन-सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का आईजीआरएस सेल के अधिकारी और कर्मचारी समाधान करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-police-stations-in-varanasi-commissionerate-in-igrs-police-station-ranking